किशनाराम बनाम सीमा
प्रार्थना–पत्र अर्न्तगत धारा 212
मुकदमा नंबर 24 / 2016
जीसीएमएस नंबर 2016 / 00176

तारीख हुक्म	हुकम या कार्यवाही विवरण	नम्बर व तारीख अहकाम की इस हुकम की तारीख में जारी हुकम
20–11–25	पत्रावली पेश हुई। राजकीय अभिभाषक उपस्थित। प्रकरण वर्ष 2016 से नोटिस तामील के अभाव में लम्बित चल रहा है। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली शामिल मिसल है। शेष रेस्पोडेन्ट को जरिये रजिस्टर्ड नोटिस तामील हेतु कई बार लिखा जा चुका है। आदेशिका दिनांक 08–09–2025 को रजिस्टर्ड हेतु लिखा जा चुका है। पूर्व आदेशिका दिनांक 30–10–2025 को वास्ते रजिर्स्टड नोटिस पेश व जारी एवं रशीदे पेश करने हेतु अंतिम अवसर भी दिया जा चुका है। बाद इसके भी आदिनांक तक किसी भी आदेशिका की पालना अमल में नही लाई गई है इससे यह प्रतीत होता है कि अभिभाषक अपीलांट जैरकार प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। उक्त प्रकरण में आज तारीख पेशी पर भी अभिभाषक अपीलांट व अभिभाषक स्वयं को रूक–रूक कर बार–बार आवाजे लगवाई गई लेकिन उक्त प्रकरण में अभिभाषक अपीलांट व अपीलांट स्वयं न्यायालय में हाजिर नहीं आये। अतः अपील अपीलांट अदम पैरवी / अदम हाजरी में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तामील व तकमील दाखिल दफ्तर हो। (उम्मेद सिंह रतनू) राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर	

राजस्व अपील न्यायालय बीकानेर सत्यमेव जयते